मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 17 मई 2019

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	18/05/19	19/05/19	20/05/19	21/05/19	22/05/19
वर्षा (मि.मी.)	6	2	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	38	38	39	39	40
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	22	23	23	24	24
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	5	2	1	1	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	69	70	70	71	71
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	22	23	23	24	24
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	9	10	10	11	11
हवा की दिशा	पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम	पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
		शनिवार व रविवार को हल्की वर्षा की सम्भावना। सब्जियों पर किसी भी प्रकार के कीटनाशक व फफूंदी नाशक का छिडकाव न करें।
फलदार पौधें		अगर मानसून के सीजन में फलों के नये पौधें लगाने है तो गड्ढो की खुदाई कर उन्हे खुला छोडें ताकि हानी कारक कीट व खरपतवार के बीज नष्ट हो जाएं।
मिर्च	फूल/फल	मिर्च में पर्णकुंचन या मोजेक रोग के प्रकोप से पौधों के पत्ते सिकुड़ कर मुड जाते है तथा छोटे रह जाते है। नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रीड 3 मिलीलीटर प्रति 10 लीटर पानी या डाईमिथोएट 30 ई.सी. का एक मिली लीटर का प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।
भिण्डी	फल	भिण्डी में लाल मक्डी का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु मिथाइल डिमेटोन 25 ई.सी. 0.1 एम.एल. को प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
कुष्माण्ड कुल की सब्जियां	फूल/फल	कुष्माण्ड कुल की सब्जियों में छाछ्या रोग दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु केराथियान 0.1 मिलीलीटर का प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

(नौडल ऑफीसर)